Number of extension and outreach Programe

2021-22

S.No.	Programe Name	Date
1.	Swachh Compain	09-01-2022 & 28-12-2021
2.	Corona Vaccination	08-01-2022
3.	Leagal Services Authority	08-03-2022
4.	Health Awareness	13-12-2021
5	Enviroment Conservation	20-07-2021
6	Exam tips career	23-02-2022

प्राचार्य
श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन
राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर

Scanned with OKEN Scanner

जालोर. कार्यशाला में छात्राओं को जानकारी देते वक्ता। पत्रिका

राजस्थान पत्रिका
जालोर . मंगलवार, 14 दिसम्बर 2021

कार्यशाला में दी महत्वपूर्ण जानकारी

जालोर. श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय जालोर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. एमएल जांगिड़ ने छात्राओं को अच्छे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सारिका चौपड़ा ने 'महिलाओं का स्वास्थ्य एवं पोषण' विषय पर व्याख्यान दिया, जिसमें महिलाओं के खानपान के प्रति जागरूकता, खून की कमी, महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं एवं बीमारियों के प्रति सावधानियां बरतने की विशेष जानकारी दी। इसके साथ ही उन समस्याओं के निराकरण करने के लिए उपाय सुझाए तथा छात्राओं के स्वास्थ्य संबंधी प्रश्नों का जवाब दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ. पीपाराम ने धन्यवाद दिया। इस अवसर पर मोहम्मद इरफान, डॉ. बगताराम चौधरी, दिनेश कुमार, गेस्ट फैकल्टी व्याख्याता कविता, शंकर लाल माली, सुमित दवे, रतन लाल व बुद्धसिंह मौजूद रहे।

छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता किया

नवज्योति/ जालोर।

श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. एमएल जांगिड़ ने छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सारिका चौपड़ा ने 'महिलाओं का स्वास्थ्य एवं पोषण' विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने महिलाओं के खानपान के प्रति जागरुकता, खून की कमी, महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं एवं बीमारियों के प्रति सावधानियां बरतने की विशेष जानकारी दी। इसके साथ ही उन समस्याओं के निराकरण करने के लिए उपाय सुझाये तथा छात्राओं के स्वास्थ्य संबंधी प्रश्नों का जवाब दिया। इस अवसर पर मोहम्मद इरफान, डॉ. बगताराम चौधरी, दिनेश कुमार, गेस्ट फेकल्टी व्याख्याता कविता, शंकरलाल माली, सुमित दवे, मुकेश कुमार, रतनलाल सहित छात्राएं मौजूद रही।

प्राचार्य
श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन
राजकीय महिला महाविद्यालय, जालो

जोधपुर
मंगलवार, 14 दिसम्बर, 2021
dainiknavajyoti.com
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, एकादशी,

Scanned with OKEN Scanner
CamScanner

कॉलेज में वैक्सीनेशन शिविर, कलेक्टर ने किया निरीक्षण

जालोर. निरीक्षण के दौरान टीकाकरण की जानकारी लेती कलेक्टर।

भास्कर न्यूज | जालोर

शहर स्थित श्रीराजेंद्र सुरी कुंदन जैन महिला महाविद्यालय में संचालित वैक्सीनेशन शिविर का कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने निरीक्षण किया। उन्होंने बालिकाओं को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करते हुए कोरोना प्रोटोकॉल की पालना करने की बात कही। कलेक्टर ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों से वार्ता की। बताया कि वैश्विक महामारी कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए हमें समाज में वैक्सीनेशन के साथ-साथ मास्क लगाने, दो गज की दूरी रखने तथा सरकार की एडवाइजरी की पालना करने के लिए जन जागरण अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। वैक्सीनेशन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करते हुए छात्राओं से शिक्षा के साथ-साथ सह शैक्षणिक गतिविधियों में भी आगे रहने की बात कही। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी, विद्यालय स्टाफ, एसएसएस के स्वयंसेवक तथा टीकाकरण टीम मौजूद रहे।

वैक्सीनेशन शिविर का किया अवलोकन

नवज्योति/जालोर। कलक्टर नम्रता वृष्णि ने शनिवार को श्री राजेंद्र सुरी कुंदन जैन महिला महाविद्यालय में संचालित वैक्सीनेशन शिविर का अवलोकन करते हुए बालिकाओं को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने छात्राओं को कोरोना प्रोटोकॉल की पालना किए जाने की बात कही। कलक्टर ने महिला विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों से वार्ता करते हुए कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए हमें समाज में वैक्सीनेशन के साथ-साथ मास्क लगाने तथा 2 गज की दूरी रखने के साथ सरकार की एडवाइजरी की पालना करने के लिए जन जागरण अभियान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। कलक्टर वृष्णि ने वैक्सीनेशन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करते हुए छात्राओं से शिक्षा के साथ-साथ सह शैक्षणिक गतिविधियों में भी आगे रहने की बात कही। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी, विद्यालय स्टाफ, एसएसएस के स्वयंसेवक तथा वैक्सीनेशन से जुड़ी टीम के सदस्य उपस्थित थे।

प्राचार्य
श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन
राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर

9/1/2022

Scanned with OKEN Scanner
CamScanner

छात्राओं ने किया श्रमदान

जालोर. श्रीराजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का एक दिवसीय शिविर आयोजित हुआ। स्वयंसेविकाओं ने पौधों को पानी पिलाया एवं उनका रखरखाव किया, साथ ही महाविद्यालय छत की एवं परिसर में साफ-सफाई की। कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस डॉ. पीपाराम के निर्देशन में स्वयंसेविकाओं ने ग्रुप बनाकर स्वच्छता अभियान चलाते हुए महाविद्यालय परिसर के बरामदे, हॉल, महाविद्यालय में कक्षा-कक्षों की साफ-सफाई की। इस दौरान मुख्य द्वार पर झाड़ू लगाकर सफाई की। पॉलिथिन थैलिया, कचरा एवं कंटिली झाड़ियां की कटाई की गई। इस अवसर पर शंकर लाल माली, मुकेश कुमार, रतन लाल, बुद्धसिंह तथा स्वयंसेविकाएं उपस्थित रही।

छात्राओं ने किया श्रमदान

जालोर. श्रीराजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का एक दिवसीय शिविर आयोजित हुआ। स्वयंसेविकाओं ने पौधों को पानी पिलाया एवं उनका रखरखाव किया, साथ ही महाविद्यालय छत की एवं परिसर में साफ-सफाई की। कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस डॉ. पीपाराम के निर्देशन में स्वयंसेविकाओं ने ग्रुप बनाकर स्वच्छता अभियान चलाते हुए महाविद्यालय परिसर के बरामदे, हॉल, महाविद्यालय में कक्षा-कक्षों की साफ-सफाई की। इस दौरान मुख्य द्वार पर झाड़ू लगाकर सफाई की। पॉलिथिन थैलिया, कचरा एवं कंटिली झाड़ियां की कटाई की गई। इस अवसर पर शंकर लाल माली, मुकेश कुमार, रतन लाल, बुद्धसिंह तथा स्वयंसेविकाएं उपस्थित रही।

राजपत्रिका (10.01.2022)

CAMP CONDUCTED ON 09.01.22 (SUNDAY)

प्राचार्य
श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन
राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर

Scanned with OKEN Scanner

CamScanner

29/12/2021

स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में सफाई करके स्वच्छता का दिया संदेश

नवज्योति/जालोर। राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में पेड़-पौधो के थाले बनाएं एवं परिसर की सफाई की एवं पेड पौधों को पानी दिया। बौद्धिक सत्र में श्री एस. आर. मांली, मुख्य प्रबंधक, अग्रणी बैंक, एस. बी. आई. जालोर मुख्य आतिथ्य के रूप में उन्होंन बैंक में खाते खुलवाने एवं खातों के प्रकार, बैंक संबंधी लेनदेन, लॉकर की सुविधा एवं छात्राओं हेतु उच्च शिक्षा के लिए ऋण की सुविधा (विध्या लक्ष्मी योजना) के बारे में जानकारी दी। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, अटल पेंशन योजना के बारे में बताया। एसबीआई, बैंक द्वारा संचालित आरएससीआईटी योजना के अन्तर्गत कौशल विकास हेतु ट्रेनिंग प्रोग्राम की जानकारी दी। परमानन्द भट्ट, वित्तीय सलाहकार, एस. बी. आई. जालोर ने लोन के बारे में एवं



कौशल विकास के बारे में सहविस्तार से बताया। मोहम्मद इरफ़ान, कार्यवाहक प्राचार्य की अध्यक्षता में सम्पन हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ.पीपाराम ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर शंकर लाल माली, सुमित दवे, मुकेश कुमार, रतन लाल, पुष्पा देवी सहित समस्त स्वयंसेविकाएं उपस्थित रही।

सेवा सप्ताह के तहत विद्यार्थियों ने किया श्रमदान

जालोर. श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में पेड़-पौधो के थाले बनाए एवं परिसर की सफाई की एवं पेड़ पौधों को पानी दिया। बौद्धिक सत्र में अग्रणी बैंक मुख्य प्रबंधक एसआर. माली ने खाते खुलवाने एवं खातों के प्रकार, बैंक संबंधी लेनदेन, लॉकर की सुविधा एवं छात्राओं के लिए उच्च शिक्षा के लिए ऋण की सुविधा (विध्या लक्ष्मी योजना) के बारे में जानकारी दी। वित्तीय सलाहकार परमानन्द भट्ट ने लोन के बारे में एवं कौशल विकास के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान कार्यवाहक प्राचार्य मोहम्मद इरफान, डॉ. पीपाराम, शंकर लाल माली, सुमित दवे, मुकेश कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

प्राचार्य
श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन
राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर

29/12/2021

Scanned with OKEN Scanner
CamScanner

जालोर. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला कॉलेज में कार्यक्रम में मंचासीन न्यायिक अधिकारी। पत्रिका

गया। इसी तरह राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में मंगलवार को राजकीय महिला महाविद्यालय जालोर में महिला दिवस पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश सिया रघुनाथदान ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश विरेन्द्र कुमार मीणा ने महिलाओं के अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महेश कुमार ने कानून में महिलाओं को भी पुरूषों के समान बराबर अधिकार मिले हुए है

इसलिए महिलाओं को अपने हक के लिए आगे आना चाहिए। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चारण आशा ने उपस्थित छात्राओं को कहा कि यदि किसी महिला के साथ अत्याचार हो रहे हो तो उनकी सहायता के लिए आगे आना चाहिए। इस दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट हर्षिता राठौड ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. एमएल जागिड, प्रोफेसर वगताराम, इरफान खान, डॉ कविता ने भी संबोधित किया।

राजस्थान पत्रिका (09.03.22)

महिला दिवस

(08 मार्च 22)

प्राचार्य
श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन
राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर

CamScanner

प्राचार्य
श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन
राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर

Scanned with OKEN Scanner

छात्राओं ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

नवज्योति/जालोर।

राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्काउट गाइड के संयुक्त तत्वावधान में स्वयंसेविकाओं ने पौधरोपण किया। छात्राओं ने नीम, बोगनवेलीया, अनार, रोहिडा, शीशम, बदाम, तुलसी सहित विभिन्न प्रकार के पौधे लगाये गये। राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्काउट गाइड प्रभारी डॉ. पीपाराम ने बताया कि आगामी दिनों में 200 पौधे लगाने की योजना है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. एमएल जागिड़, संकाय सदस्य मोहम्मद इरफान, डॉ. बगताराम चौधरी, दिनेश कुमार सहायक लेखाधिकारी ग्रेड प्रथम, शंकरलाल माली वरिष्ठ सहायक, पुष्पा देवी, मुकेश कुमार, रतनलाल, स्वयंसेविका नीशा राव, मीरा, प्रियंका व पूजा सहित छात्राएं उपस्थित रही।

20-07-2021

प्राचार्य
श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन
राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर

CamScanner

Scanned with OKEN Scanner

कार्यशाला में छात्राओं को परीक्षा और कॅरिअर के दिए जरूरी टिप्स

'एकाग्रता की शक्ति व याददाश्त को कैसे बढ़ाए' विषय पर कार्यशाला हुई

भास्कर न्यूज. | जालोर

श्रीराजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय में बुधवार को आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर अभियान के तहत ब्रह्माकुमारी जालोर के तत्वावधान में एकाग्रता की शक्ति और याददाश्त को कैसे बढ़ाए विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें ब्रह्माकुमारी जालोर की प्रभारी बीके रन्जू दीदी ने कार्यशाला के विषय के बारे में जानकारी दी। महाराष्ट्र के बार्शी से पधारी मुख्य वक्ता बीके अनिता दीदी ने एकाग्रता की शक्ति के विभिन्न उदाहरणों से सरल, प्रभावी व संशक्त व्याख्या की। ध्यान के जरिए याददाश्त बढ़ाने का प्रायोगिक उदाहरण देते हुए छात्राओं को परीक्षा व कैरियर के मदेनजर महत्वपूर्ण टिप्स दिए। डॉ. पीपाराम ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संकाय सदस्य एवं मंत्रालयिक सदस्य भी उपस्थित रहे।



जालोर. कार्यशाला में मौजूद छात्राओं को जानकारी देते अतिथि।

दैनिक भास्कर / 24.02.22

प्राचार्य
श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन
राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर

CamScanner

Scanned with OKEN Scanner